# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार, 20 अप्रैल 2026





## खबर संक्षेप



### गायत्री शक्ति पीठ में जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

**कोरबा।** गायत्री शक्ति पीठ में रविवार जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 16 से 21 मई तक गायत्री शक्ति पीठ में 6 दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण आवासीय युवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 18 से 35 वर्ष के युवा, युवती भाग ले सकेंगे। इस शिविर में उन्हें ऐसे ऐसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा जो उनके विद्यालयीन पाठ्यक्रम में शामिल नहीं है और जिससे उनका चिंतन, चरित्र व्यवहार उत्कृष्ट हो सके। इन विषयों में धर्मतंत्र से लोकशिक्षण के माध्यम से जीवन जीने की कला, गीत, संगीत, साधना, स्वाध्याय, संयम, निस्वार्थ सेवा, मानवीय मूल्यों की प्रबल संभावना आदि शामिल हैं। गोष्ठी में उक्त शिविर के सफल आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई तथा परिजनों को कार्यभार सौंपा गया।

### बेलटिकरी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**गेवरा दीपका।** कथा व्यास पंडित प्रेमशंकर चौबे महाराज के द्वारा सुदामा चरित्र के बारे में बताया गया। भगवान श्री कृष्णा और सुदामा के मित्रता के बारे में सभी भक्तजनों को बताया गया बड़ी संख्या में सभी श्रद्धालु लोग लाभ ले रहे हैं रात में भंडारा की व्यवस्था की गई है। मुख्य यजमान कृपाल यादव, रामकुमार यादव, पुनीराम यादव, फिरतीन बाई, हृदय लाल, चंपा बाई, अंजनी यादव, प्रमिला यादव एवं समस्त ग्रामवासी बेलटिकरीवासी उपस्थित रहे।

### वार्डवासियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन




**गेवरा दीपका।** ग्राम पंचायत बेलटिकरी के वार्ड क्रमांक 5 व 6 के पंच श्रीमती ज्योति मांडवी एवं श्रीमती मंजूलता नायक, खगेंद्र कौशिक, मोनू नायक, ओमप्रकाश श्रीवास, पिंटू सिंह ने रोड व नाली निर्माण के लिए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल को ज्ञापन सौंपा था। विगत 20-25 वर्षों से रोड नाली निर्माण नहीं किया गया। जिस कारण यहां का रोड एवं नाली पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इस संबंध में विधायक श्री पटेल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही वार्ड क्रमांक 5 गली नंबर 11 का रोड व नाली निर्माण कार्य किया जाएगा।

### कॅरियर पब्लिक स्कूल के 10वीं के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट रहा परिणाम

**कोरबा।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड



(सीबीएसई) की कक्षा 10वीं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कॅरियर पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं में परिणाम गत वर्षों की तरह इस साल भी उत्कृष्ट रहा है। प्राचार्या श्रीमती किरण तिवारी ने बताया कि कक्षा 10वीं में अराध्या शर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। नमन चक्रधारी ने 95.6 प्रतिशत द्वितीय एवं अनुभव गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। वैभव राज ने 91.8 प्रतिशत एवं चाँदनी अहिरवार 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

### डीएवी खरमोरा में मनाया गया महात्मा हंसराज की 162वीं जयंती



**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में महात्मा हंसराज की 162वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान और समाज सुधार के प्रति समर्पण को याद किया गया। प्राचार्य श्री हेमंतो मुखर्जी हंसराज के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए और द्वीप प्रज्वलन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि महात्मा हंसराज, जो आर्य समाज के प्रमुख अनुयायी थे, ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक नई दिशा प्रदान की। उन्होंने दयानंद एंग्लो वैदिक विद्यालय आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए आधुनिक शिक्षा और वैदिक मूल्यों का अद्वितीय समन्वय स्थापित किया। वे लाहौर के डीएवी स्कूल के पहले प्राचार्य बने और वर्षों तक बिना वेतन के सेवा देकर त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

### परशुराम द्विज परिवार व सर्वब्राम्हण समाज के परशुराम जयंती समारोह में पहुंचे उद्योग मंत्री व महापौर

# ब्राम्हण समाज हर वर्ग के कल्याण के लिये कार्य करता है : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत परशुराम द्विज परिवार व सर्वब्राम्हण समाज द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जयंती समारोह में पहुंचे, दोनों समाज के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया तथा समाज के लोगों की मांग पर अनेकों सौगात प्रदान की, उन्होने भगवान परशुराम की जयंती की अपनी हार्दिक शुभकामनायें व बधाई समाज के लोगों को दी तथा उनके आशीर्वाद की कामना की। इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर व वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित जनप्रतिनिधिगण व समाज के लोग उपस्थित थे।

परशुराम जयंती के अवसर पर परशुराम द्विज परिवार व सर्वब्राम्हण समाज कोरबा के द्वारा अपने-अपने भवनों में परशमुराम जयंती समारोह का आयोजन किया गया। उद्योग मंत्री लखनलाल




कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग मंत्री एवं मंचस्थ अतिथि।

देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने समारोह में पहुंचकर भगवान श्री परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा इस मौके पर अनेक सौगातें भी प्रदान की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के द्वारा परशुराम द्विज परिवार के भवन के प्रथम तल के शेष कार्य एवं द्वितीय तल के निर्माण कार्य हेतु 25 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी, उक्त निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसका लोकार्पण उनके करकमलों से किया गया। इसी प्रकार सर्वब्राम्हण समाज के ब्रम्हवाटिका के समीप उद्योग मंत्री श्री देवांगन के प्रयास से जिला खनिज न्यास मद से 20 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, प्रसाधन निर्माण व अन्य विकास कार्य कराये गये हैं, इसका लोकार्पण भी उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने भगवान परशुराम जी की जयंती की बधाई देते हुये कहा कि ब्राम्हण समाज हर वर्ग व समाज के कल्याण के लिये कार्य करता है, उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करता है तथा विश्व कल्याण की कामना रखता है। उन्होने कहा कि भगवान परशुराम ने अपनी जीवन लीला के दौरान अनेक बार धरती से आतताईयों व अधर्मियों का सर्वनाश कर संसार में धर्म की स्थापना की थी, उन्हीं भगवान परशुराम का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे, मैं यह कामना करता हूं।

#### दी अनेक सौगातें

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने दोनों भवनों के लोकार्पण के साथ-साथ अनेक सौगातें भी समाज के लोगों को दी। उन्होने परशुराम द्विज परिवार के भवन एवं सर्वब्राम्हण समाज के भवन में आवश्यकतानुसार संख्या में ए.सी. लगाये जाने की घोषणा की, इसी प्रकार परशुराम द्विज परिवार की महिला विंग की पदाधिकारियों द्वारा अपने सामाजिक कार्यक्रम हेतु 50 हजार रूपये की मांग किये जाने पर 1 लाख रूपये दिये जाने की घोषणा उद्योग मंत्री ने की। सर्वब्राम्हण समाज के भवन में आवश्यकता को देखते हुये बिना मांगे ही उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने 5 नग नये ए.सी. लगवाये जाने की घोषणा की। इसी प्रकार महिला विंग के सामाजिक कार्यक्रमों के लिये भी आर्थिक सहयोग प्रदान करने की घोषणा भी की।

# अजय व मनोज लायन्स गौरव सेवा सम्मान से सम्मानित

### खरहरकुड़ा में आयोजित हुआ समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नितेश कुमार मैमोरियल लायन्स पब्लिक स्कूल खरहरकूड़ा के 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनकेएम लायन्स गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को मंचस्थ अतिथियों के कर कमलों से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फ़िल्मि अभिनेत्री मंदाकिनी मंच पर उपस्थित रही वही विशिष्टअतिथि के रूप में प्रथम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रिपुदमन पूसरी, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन मलिक, हितानंद अग्रवाल, स्कूल के डायरेक्टर व पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाइस चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, श्रीमती रेणुका राठिया, प्राचार्या शोभा सोनी, गायत्री कंवर अतिथि के रूप में मंचासीन रहे अतिथियों के आगमन पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह के दौरान डिस्ट्रिक्ट पीआरओ 25-26 अजय धनोंदिया व क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल को उनके द्वारा समाज के सभी वर्गों में विशेषकर जरूरतमंदों,वंचितों एवं आमजन के लिए किए गए निरंतर सेवा कार्यों, जागरूकता अभियानों तथा जनहित में निभाई गई सक्रिय भूमिका के लिए एनकेएम लायन्स गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अजय धनोंदिया लंबे समय से सेवा के माध्यम से आमजन तक सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने तथा विभिन्न वर्गों के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके कार्यों का प्रभाव समाज के विभिन्न वर्गों पर सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है, जिसके लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर पीएमजेएफ राजकुमार अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज के दौर में केवल शैक्षणिक उपलब्धियां ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भाव भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को आगे बढ़कर समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। निश्चित ही अजय धनोंदिया ने सभी छेत्रो में श्रेष्ठ कार्य किया है।

# कायस्थ महासभा की बैठक संपन्न मेघावी छात्रों का किया जाएगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 की जिला कार्यकारिणी की बैठक होटल टाप इन टाऊन में आयोजित की गई। जिसमें समाज को संगठित करने समय समय पर बैठक आयोजित करने, जिले में निवासरत कायस्थ परिवारों से प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सम्पर्क कर उन्हें समाज से जोड़ने, शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में आयोजित सीबीएसई एंव माध्यमिक शिक्षा मंडल छग द्वारा आयोजित 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में



कार्यक्रम में उपस्थित समाज के पदाधिकारी व सदस्य।

85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कायस्थ परिवार के मेघावी बच्चों का प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान करने का निर्णय लिया गया। यह आयोजन आगामी माह मई में आयोजित किया जाएगा। बैठक मे महिला एंव पुरुष प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, सदस्य पूर्व अध्यक्ष सहित अन्य सदस्य बड़ी संख्या मे सम्मलित हुए।

# रेत घाटों का अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण

**पामगढ़।** अनुविभाग पामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत नदी किनारे स्थित रेत घाट वाले ग्राम पंचायत कमरीद देवरघटा, तनौद, खरगहनी, खोरसी, हड़हा, नवागांव का अधिकारियों की टीम द्वारा शनिवर 18 अप्रैल को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त सभी ग्रामों के रेत



खदान स्थलों पर रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जाना नहीं पाया गया। वर्तमान में सभी ग्रामों से रैत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन पूर्णतः बंद है। संबंधित ग्राम पंचायतों के पंचायत पदाधिकारियों सरपंच एवं पचों को छत्तीसगढ़ राज पंचायत राज अधिनियम, 1993 तथा गौण खनिज नियम, 1996 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत की शासकीय परिसंपित्त होने के कारण रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

# शराब पीकर वाहन चला रहे 27 चालकों पर गिरी गाज, सभी के लाईसेंस होंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसके बाद भी चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और शराब पीकर वाहन चला रहे थे। ऐसे चालकों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया और एक दिन के भीतर लगभग 27 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। सभी वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 185 के तहत कार्यवाही की है और सभी चालकों का लाइसेंस निरस्त कराया जाएगा इसके लिए पुलिस द्वारा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को पत्र लिखा जा रहा है। ताकि सभी का लाइसेंस निरस्त किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा निरंतर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ



कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया और शराबी चालकों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों की जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया गया। जहां शराब मापन केंद्र से चालकों का पहचान की गई। इस दौरान 27 वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए हैं। जिनके खिलाफ पुलिस ने धारा 185 के तहत कार्यवाही की है और सभी वाहनों को जप्त कर लिया है। पुलिस द्वारा इस मामले में सभी प्रकरणों को न्यायालय में पेश किया जाएगा और न्यायालय से ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व मंत्री जयसिंह ने शीतल शरबत मंदिर का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस कार्यालय टी.पी. नगर के सामने शीतल शरबत का विधिवत शुभारंभ पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने किया। जयसिंह अग्रवाल की ओर से शांति देवी मेमोरियल सोसाइटी इसका संचालन करेगा। शीतल शरबत मंदिर का विधिवत शुभारंभ जयसिंह अग्रवाल ने राहगीरों को शरबत पीलाकर किया। जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यास से बेहाल लोगों को शीतल पेयजल व शरबत उपलब्ध कराना पुनीत कार्य है।

उल्लेखनीय है कि पिछले 15 वर्षों से जयसिंह अग्रवाल के द्वारा उक्त स्थल पर प्रतिवर्ष शीतल जल व शीतल शरबत का निःशुल्क वितरण कराया जाता है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बताया पिछले कई वर्षों से शीतल शरबत मंदिर का अच्छा प्रतिसाद मिला। लोगों ने इस पुनीत कार्य को नेक कार्य बताया और इस नेक कार्य की क्षेत्रवासियों ने सराहना की। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि "जलदान ही महादान" की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा शीतल शरबत मंदिर का संचालन कराया जा रहा है। जो समाज के लिए एक अनुकरणीय सेवा कार्य है। नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु ने बताया कि प्रतिदिन यहां भिन्न-भिन्न फ्लेवर के शरबत का वितरण कराया जाता है। जिसमें मैंगो, ऑरेंज, नींबू, चीकू, अनानास आदि फ्लेवर होते है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने बताया कि किसी प्यासे को पानी पिलाना परोपकार और मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की गर्मी के मौसम में यह अनूठी पहल सराहनीय है।

# दंतैल हाथी ने तोड़ा महिला का घर फिर किया धान और महुआ को चट

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में सक्रिय हाथियों के विशाल दल से अलग होकर एक दंतैल हाथी ने जटगा ग्राम पंचायत के बांधापारा बस्ती में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथी ने एक ग्रामीण महिला के घर को तोड़कर घर के अंदर रखे अनाज चट कर दिया। जानकारी के मुताबिक, कटघोरा वनमंडल में 49 हाथियों का एक बड़ा दल मेरउड़ पहाड़ पर पिछले कई दिनों से डेरा डाले हुए है। जंगल में पर्याप्त पानी और चारा होने के कारण यह दल आमतौर पर ऊपर ही रहता है, लेकिन बीती रात एक दंतैल हाथी मुख्य दल से भटककर नीचे रिहायशी इलाके में आ पहुँचा। बांधापारा बस्ती में हाथी के अचानक पहुँचने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। दंतैल हाथी ने ग्रामीण महिला कमियाबाई (पति मोहितराम) के घर पर हमला बोल दिया। हाथी ने न केवल मकान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया, बल्कि घर के भीतर रखे धान और महुआ को भी खा लिया और काफी सामान बिखेर दिया। ग्रामीणों के भारी शोर-शराबे और मशक्कत के बाद हाथी वहां से जंगल की ओर भागा और अब केंदई रेंज की सीमा में प्रवेश कर गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## हेल्थ प्लस

### तीन सफल सर्जरी के बाद जॉइंट रिप्लेसमेंट से मरीजों को मिली राहत



**कोरबा।** मरीजों के लिए राहत भरी खबर है कि न्यू कोरबा हॉस्पिटल (एनकेएच) में जॉइंट रिप्लेसमेंट की आधुनिक सुविधा अब नियमित रूप से उपलब्ध है। अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के कारण अब लोगों को बड़े ऑपरेशन के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। हाल ही में कुसमुंडा-गेवरा की 70 वर्षीय सोनमती का सफल टोटल नी रिप्लेसमेंट हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. चंदानी और उनकी टीम ने करीब 45 मिनट में किया। ऑपरेशन के दूसरे दिन ही मरीज ने वॉकर के सहारे चलना शुरू कर दिया और तीसरे ही दिन में बिना सहारे चलने लगीं। कुछ दिन बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इसी क्रम में गेवरा निवासी 58 वर्षीय कमलेश का भी दाएं घुटने का सफल ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के दो दिन बाद ही उन्होंने फिजियोथेरेपी के जरिए चलना शुरू कर दिया और दर्द से काफी राहत मिली। वहीं कोरबा की 70 वर्षीय मीरा बक्शी का भी बाएं घुटने का सफल ऑपरेशन कर उन्हें लंबे समय से चल रहे दर्द से निजात दिलाई गई। डॉक्टरों के अनुसार, सभी मरीजों को सर्जरी के दूसरे दिन से ही वॉकर की मदद से चलाया गया और जल्द ही वे बिना सहारे चलने लगे। नियमित फिजियोथेरेपी से उन्हें तेजी से रिकवरी मिली। डॉ. एस. चंदानी ने बताया कि घुटनों के दर्द को नजरअंदाज न कर समय पर इलाज कराना जरूरी है। एनकेएच प्रबंधन के मुताबिक, अस्पताल में अब तक 200 से अधिक सफल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की जा चुकी हैं, जिनमें घुटना, कूल्हा और कंधे के ऑपरेशन शामिल हैं। इस सुविधा से जिले के मरीजों को कम खर्च में बेहतर और त्वरित उपचार स्थानीय स्तर पर ही मिल रहा है।

## बिजनेस प्लस

### मंदाकिनी के हाथो एनटॉर्क 150 हुआ लॉंच



**कोरबा।** शहर के प्रतिष्ठित तुलसी टीवीएस शोरूम में नई एनटॉर्क 150 का ग्रैंड लॉन्च किया गया। इस मौके बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मंदाकिनी, जिन्होंने रिबन काटकर नई गाड़ी को जनता के सामने पेश किया। शोरूम परिसर में सुबह से ही प्रशंसकों और ऑटोमोबाइल प्रेमियों की भारी भीड़ जुटने लगी थी। अभिनेत्री ने न केवल गाड़ी के फीचर्स की सराहना की, बल्कि वहां मौजूद प्रशंसकों के साथ सेल्फी खिंचवाकर उनका दिन बना दिया। इस अवसर पर तुलसी ऑटोमोटिव के डायरेक्टर केदारनाथ अग्रवाल ने मुख्य अतिथि मंदाकिनी का स्वागत किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य शहर के ग्राहकों को हमेशा सबसे आधुनिक और सुरक्षित तकनीक उपलब्ध कराना है। एनटॉर्क 150 इसी दिशा में एक बड़ा कदम है, जो पावर और स्टाइल का बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। लॉन्च के तुरंत बाद ग्राहकों में नई एनटॉर्क 150 सीसी का अनुभव लेने की होड़ मच गई। युवाओं में इस स्कूटर के स्पोर्टी लुक और एडवांस फीचर्स को लेकर विशेष आकर्षण देखा गया। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य नागरिक और व्यवसायी भी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

KRISHNA Multispeciality Hospital
AFFORDABLE AND TRUSTED HEALTHCARE
24/7 Emergency Services
उपलब्ध विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- एक्सीडेंट एवं ट्रामा युनिट
- मेडिसिन रोग विभाग
- छाती रोग विभाग
- सर्जरी विभाग
- शिशु रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- इनफर्टिलिटी विभाग
- पैथोलॉजी विभाग
- इंटेंसिव एण्ड क्रिटिकल केयर यूनिट
- न्यूरोसर्जरी विभाग
आयुष्मान एवं कैशलेस टीपीए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
- 96 स्लाइस एडवांस सीटी स्कैन
- X-Ray 3D 4D USG, EEG, ECG, TMT,
- PFT की सुविधा
- वेंटीलेटर की सुविधा
- अनुभवी स्टाफ की टीम
- डायलिसिस की सुविधा
- 24 घंटे फार्मेसी एवं पैथोलॉजी की सुविधा
- 24 X 7 आपातकालीन सुविधाएं
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.) 7771005425, 77710-13560
Help Line No.:- 9109127585

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

2
अजय व मनोज लायन्स गौरव सेवा सम्मान से सम्मानित



## खबर संक्षेप

### रासायनिक आपदा प्रबंधन हेतु मॉक अभ्यास 23 को

**कोरबा।** रासायनिक आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 23 अप्रैल को मॉक अभ्यास भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको परिसर में आयोजित किया जाएगा। साथ ही 21 अप्रैल को जिला कार्यालय में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अभ्यास के सफल संचालन हेतु इंसीडेंट कमांडर के रूप में सरोज महिलांगे, अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व को नियुक्त किया गया है। बजरंग साहू, तहसीलदार कोरबा को प्रभारी अधिकारी तथा विजय कारे, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पुलिस सायरन का उपयोग, मंडल अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज

**कोरबा।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र में भिलाईबाजार भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन पर सड़क पर वाहन रोककर दबंगई दिखाने, अभद्र व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में स्थानीय निवासी एवं वाहन चालक आनंद सिंह चौहान ने बताया कि 13 अप्रैल को वह अपने टिपर वाहन से रलिया से अधियारीपारा से मिट्टी लेकर जा रहे थे। तभी दिनेश राठौर ने वाहन को रोकवाया और जाने नहीं दिया। शिकायत के अनुसार, जब चालक ने इसे सार्वजनिक मार्ग बताते हुए आगे जाने की बात कही, तो आरोपी भड़क उठे और कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। आरोप है कि उन्होंने चालक को जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे भयभीत होकर वह वाहन लेकर वापस लौट गया। घटना के बाद चालक ने हरदी बाजार थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में धारा 296 और 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### कैंपर वाहन चोरी कर भाग रहा था चोर, पेड़ से जा टकराई

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र में शनिवार रात चोरी की एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद भाग रहे बदमाशों का चुराया हुआ कैम्पर वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके बाद पकड़े जाने के डर से चोर वाहन को मौके पर ही छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार देर रात की है जब कुसमुंडा इलाके से बदमाशों ने एक कैम्पर वाहन पार कर दिया था। चोरी करने के बाद बदमाश तेज रफ्तार में भाग रहे थे, लेकिन रास्ते में चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी सीधे एक बड़े पेड़ से टकरा गई। देर रात धमाके की आवाज सुनकर जब तक स्थानीय लोग कुछ समझ पाते, तब तक चोरी का वाहन छोड़कर बदमाश भाग चुके थे। रविवार सुबह सूचना मिलते ही कुसमुंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

### बिना आर्डर कराई जा रही थी मरम्मत, अचानक दबाव बनने से फूटा बांध

# एक बार फिर फूटा राखड़ बांध, जेसीबी ऑपरेटर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध के क्षतिग्रस्त तटबंध के मरम्मत कार्य के दौरान एक बार फिर राखड़ बांध का तटबंध टूट गया और भारी मात्रा में बांध में संग्रहित राखड़युक्त मलबा बहने लगा। इस दौरान मरम्मत कार्य में लगा जेसीबी मशीन का ऑपरेटर राखड़युक्त पानी के सैलाब में बहकर दब गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो मजदूरों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। आखिरकार घंटों की मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर जेसीबी ऑपरेटर के शव को मलबे से बाहर निकल गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद मजदूरों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई वहीं प्रबंधन के हाथ पांव फूल गए।

**खास बात**

- राखड़युक्त पानी के मलबे में दबा मशीन व ऑपरेटर, अन्य मदगूरों ने भागकर बचाई जान

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट क्षमता वाले एचटीपीएस संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध का तटबंध कुछ दिनों पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद संयंत्र प्रबंधन द्वारा हसदेव नदी में राखड़युक्त पानी का विस्थापन कर दिया गया। इस मामले में जांच टीम जांच कर रही है और दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की गाज भी गिर रही है। वही दूसरी ओर रविवार को एक बार फिर राखड़ बांध के अचानक फूट जाने से हड़कंप मच गया है। सूत्रों की मानें तो सिविल विभाग द्वारा राखड़ बांध के क्षतिग्रस्त तटबंध का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। मिट्टी डालकर लेवलिंग का काम किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक राखड़ बांध के एक हिस्से में दबाव बढ़ने लगा और देखते ही देखते भारी मात्रा में राखड़युक्त मलबे का बहाव शुरु हो गया। राखड़ बांध का मरम्मत कार्य कर रहे जेसीबी मशीन का ऑपरेटर ग्राम संडैल निवासी फुलेश्वर कुछ समझ पाता उससे पहले ही राखड़ के दलदल ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने फुलेश्वर को बचाने का प्रयास किया लेकिन राख का दबाव इतना अधिक था कि ऑपरेटर फुलेश्वर मशीन सहित मलबे में दब गया। इस दौरान मरम्मत कार्य में लगे अन्य मजदूरों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। हादसे की सूचना मिलते ही प्रबंधन और सुरक्षा अमला तुरंत मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक स्थिति गंभीर हो चुकी थी। इसके बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। घंटों की मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने किसी तरह ऑपरेटर फुलेश्वर को मलबे से बाहर निकाला। हालांकि तब तक फुलेश्वर की मौत हो चुकी थी। प्रशासनिक अधिकारियों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है और पूरे मामले पर नजर रखी जा रही है।



(राखड़ के मलबे में दबा जेसीबी।



रेस्क्यू के बाद निकाला गया जेसीबी।



मलबे में दबा ऑपरेटर।

**सुरक्षा में लापरवाही बनी वजह**

घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का आरोप है कि राखड़ डेम की सुरक्षा व्यवस्था लंबे समय से सवालों के घेरे में रही है लेकिन बार-बार चेतावनी के बावजूद संयंत्र प्रबंधन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। सुरक्षा मानकों में लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ है। जिसमें एक मजदूर की जान चली गई। यह दर्दनाक घटना एक बार फिर औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा प्रबंधन की कमजोरियों को उजागर करती है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर ऐसे संवेदनशील डेम की निगरानी और सुरक्षा इंतजाम इतने लचर क्यों हैं, और मजदूरों की जान के साथ इस तरह की लापरवाही कब तक जारी रहेगी।



एचटीपीपी संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध से किया जा रहा था राखड़युक्त पानी का विस्थापन

हसदेव नदी में राखड़ विस्थापन पड़ा महंगा एचटीपीपी पर लगा 18 करोड़ का जुर्माना

जल आपूर्ति में आ रही थी बाधा

हसदेव ताप विद्युत गृह द्वारा हसदेव नदी में राखड़युक्त पानी प्रवाहित करने का मामला

नदी में राखड़युक्त पानी बहाना पड़ा महंगा अधीक्षण अभियंता का हुआ तबादला

ठेकेदार पर भी कार्यवाही की मांग

झाबू राखड़ बांध के फूटने के बाद हसदेव नदी में राखड़युक्त पानी समाहित करने का मामला

अधीक्षण अभियंता के तबादले के बाद सहायक अभियंता निलंबित

हरिभूमि में प्रकाशित खबर की कतरन।

**बिना ऑर्डर क्यों कराया जा रहा था मरम्मत कार्य**

हैरानी वाली बात यह है कि संयंत्र प्रबंधन व सिविल विभाग द्वारा बिना आर्डर के मरम्मत कार्य कराया जा रहा था। ठेकेदार आई डी गुप्ता द्वारा ट्रेक्टर से मिट्टी लाकर जेसीबी से लेवलिंग का कार्य कराया जा रहा था इसी दौरान यह घटना घटी और जेसीबी का ऑपरेटर फुलेश्वर काल के गाल में समा गया। मजे की बात यह है कि मरम्मत कार्य के दौरान नियोजित मजदूरों का ना ही लेबर लाइसेंस बनवाया गया था और ना ही मजदूरों के नाम पर ईश्योरेंस , ईपीएफ व ईएसआईसी बनवाई गई थी। सभी नियमों को ताक में रखकर बिना आर्डर के मजदूरों से काम कराया जा रहा था जिसका खामियाजा फुलेश्वर को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। अब सवाल यह उठता है कि संयंत्र प्रबंधन क्यों बिना आर्डर के काम करा रहा था। ठेकेदार द्वारा बिना लेबर लाइसेंस, इंश्योरेंस, ईपीएफ, ईएसआईसी कराए उसे काम क्यों दिया गया था।

**दोषी अधिकारियों को क्यों दी गई जिम्मेदारी**

उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व ही एचटीपीएस संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध का तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया था। इस मामले में अब तक कार्यपालन अभियंता पीताम्बर नेताम का तबादला किया गया है वहीं ईई विक्रांत तंवर और नारायण पटेल को निलंबित किया गया है। नारायण पटेल की जगह ईई चंचल ध्रुव और विक्रांत तंवर की जगह एई चंद्रहाश साहू को तैनात किया गया है। एई चंद्रहाश साहू के पदस्थापना के ही बाद राखड़ बांध फूटा है इसके पूर्व भी एई चंद्रहाश साहू के कार्यकाल के दौरान डिंडोलभांठा में राखड़ बांध टूटने की घटना हुई थी। जानकारों की मानें तो राखड़ बांध का फूटना अचानक नहीं हुआ है। बांध में क्षमता से अधिक राखड़ क्यों डाला जा रहा था । प्रबंधन को मालूम है कि बांध की स्थिति नाजूक है और तीन बार बांध क्षतिग्रस्त हो चुका है। ऐसे में क्षमता से अधिक राखड़ का विस्थापन सवालों को जन्म दे रहा है।

# बदलते कोरबा, संवरते कोरबा की एक और निशानी है रायफल शूटिंग रेंज : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हमारा शहर तेजी के साथ बदल रहा है, तेजी के साथ संवर रहा है तथा शहर को नित नई उपलब्धियाँ प्राप्त हो रही है। नगर निगम द्वारा स्थापित रायफल शूटिंग रेंज बदलते कोरबा - संवरते कोरबा की एक और निशानी है, एक और प्रमाण है, कोरबा के खिलाड़ियों, रायफल शूटिंग के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने वाले यहाँ के युवाओं, बच्चों व शूटिंग प्रेमियों को रायफल शूटिंग रेंज की यह बड़ी सौगात देने के लिये मैं महापौर, आयुक्त व सभापति को बधाई एवं साधुवाद देता हूं।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री एवं महापौर ने स्टेडियम के पीछे निगम द्वारा स्थापित रायफल शूटिंग रेंज का किया शुभारंभ

उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम द्वारा टीपीनगर स्थित प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम के पीछे कोरबा रायफल शूटिंग रेंज की स्थापना के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर जो कोरबा रायफल शूटिंग एकेडमी के सचिव भी हैं उनके द्वारा आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के समक्ष प्रस्ताव रखा कि कोरबा में रायफल शूटिंग रेंज स्थापित किया जाये, इस प्रस्ताव पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सहर्ष सहमति दी तथा कोरबा में रायफल शूटिंग रेंज स्थापित किया। शनिवार को आयोजित एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में कोरबा रायफल शूटिंग रेंज का विधिवत शुभारंभ किया गया।उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खेलों के विकास व खेल सुविधायें बढ़ाने के लिये विशेष रूचि ले रहे हैं तथा हमारा देश खेलों के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियाँ अर्जित कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मध्यक्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक में जनजातीय बालक एवं बालिका क्रीड़ा परिषद के निर्माण हेतु 10-10 करोड़ रूपये की स्वीकृत दी है। उन्होने कहा कि जब मैं महापौर था तो हाकी के जादूगर महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा स्थापित की गई है तथा उस चौक का नाम मेजर ध्यानचंद चौक किया गया था, स्टेडियम के समीप स्वीमिंग पूल निर्मित हुआ था तथा ओपन थियेटर घंटाघर मैदान को संरक्षित किया गया, जहाँ पर नित नई क्रीडा गतिविधियाँ आज संचालित हो रहा है। उन्होने कहा कि कोरबा रायफल शूटिंग रेंज की स्थापना से रायफल शूटिंग के खिलाड़ियों को एक बड़ी सुविधा मिल चुकी है, वे यहाँ पर प्रेक्टिस कर सकेंगे तथा नेशनल व इंटरनेशनल प्लेटफार्म पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुये कोरबा जिला व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेगे। कार्यक्रम को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति एवं कोरबा रायफल शूटिंग एकेडमी के सचिव नूतन सिंह ठाकुर, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नौशाद खान, पत्रकार राजेन्द्र जायसवाल ने भी संबोधित किया।



राइफल शूटिंग रेंज का उद्घाटन करते उद्योग मंत्री, महापौर एवं अन्य।

### अधेड़ की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 40 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत जमनीपाली निवासी लेखराम गौतम 40 वर्ष पिता शांतिलाल गौतम की अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था।

# इंडियन आयल कोरबा डिपो की मनमानी, चहेते पंपो को सप्लाई, बाक़ी ड्राई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में इन दिनों पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत ने हालात बिगाड़ दिए हैं। डिपो से सप्लाई पूरी तरह बंद होने के कारण शहर के कई पेट्रोल पंप सूख चुके हैं, जिससे आमजन से लेकर परिवहन व्यवस्था तक पर गहरा असर पड़ा है।

सूत्रों के मुताबिक इंडियन ऑयल कोरबा डिपो की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि केवल चहेते पंपों को ही पेट्रोल-डीजल की सप्लाई की जा रही है। इसके चलते शहर के अधिकांश पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके हैं। डिपो की इस लापरवाही से जनता हलाकान है और रोजमर्रा की गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। कई पेट्रोल पंपों में पेट्रोल-डीजल पूरी तरह खत्म हो चुका है, पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा पंप संचालकों को आपूर्ति नही किए जाने से पंप संचालक ग्राहकों को ईंधन देने में असमर्थ नजर आ रहे हैं और लोगों को घंटों भटकना पड़ रहा हैं। अचानक आई इस किल्लत ने वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं, मालवाहक वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होने लगी है, जिससे आने वाले दिनों में बाजार व्यवस्था पर भी असर पड़ने की आशंका हैं। सूत्रों के अनुसार शहर के अधिकांश पेट्रोल पंप पूरी तरह ड्राई हो चुके हैं। डिपो की ओर से केवल कुछ चुनिंदा पेट्रोल पंपों को ही पेट्रोल-डीजल की सप्लाई दी जा रही है, जिसके चलते इन पंपों पर ग्राहकों को अधिक कीमत पर पेट्रोल और डीजल बेचा जा रहा है।




**उरगा में ब्लैक में बिक रहा डीजल**

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन जहां कोरबा शहर सहित जिले के विभिन्न पेट्रोल पंप को पेट्रोल डीजल की आपूर्ति में कटौती कर रहा है वहीं दूसरी ओर कोरबा चांपा मार्ग पर उरगा के एक पेट्रोल पंप पर उसकी खास कृपा बरस रही है, जहां ब्लैक में डीजल बेचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार उरगा स्थित एक पेट्रोल पंप में प्रतिदिन डीजल की आपूर्ति की जा रही है। इस पेट्रोल पंप में प्रति लीटर 5 रुपए की अधिक राशि लेकर डीजल का विक्रय किया जा रहा है। संदेह जताया जा रहा है कि आइओसी में इस पंप संचालक की किसी अधिकारी से सांठगांठ है, जिसके चलते इसे प्रतिदिन 28 से 30 किलोलीटर डीजल की आपूर्ति की जा रही है। इस पेट्रोल पंप पर प्रति लीटर 5 रुपए अतिरिक्त देकर कोई भी व्यक्ति डीजल ले सकता है। इस धन्नासेठ पंप संचालक को आईओसी से दी जा रही यह सुविधा और खुलेआम की जा रही डीजल की कालाबाजारी आम लोगों के साथ-साथ पेट्रोल पंप संचालको के बीच भी चर्चा का विषय बना हुआ है।



# इस अक्षय तृतीया

ऐसे आभूषण घर लाएँ जिनके साथ आते है...

# नौ पवित्र वादे

**1 पवित्रता का वादा**
हर सोने का आभूषण जो हम देते हैं, **BIS हॉलमार्क्ड** होता है, जो शुद्धता और विश्वास की गारंटी देता है।

**2 पारदर्शिता का वादा**
आसान और साफ कीमतें, **सोने के रेट, मेकिंग चार्जेस और रत्नों के दाम में पूरी पारदर्शिता।**

**3 असली हीरों का वादा**
सभी हीरे और रत्न सावधानीपूर्वक चुने जाते हैं **और मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र के साथ आते हैं, जो उनकी प्रामाणिकता की गारंटी देते हैं।**

**4 बेहतरीन कारीगरी का वादा**
बेहतरीन डिज़ाइन और कारीगरी से बने आभूषण, **जो पीढ़ियों तक संभालकर रखे जा सकें।**




**5 उचित मूल्य का वादा**
**लाइफटाइम एक्सचेंज** और **बायबैक सुविधा,** ताकि आपको अपने आभूषण का हमेशा **सही मूल्य** मिले।

**6 पर्सनलाइज़ेशन का वादा**
आपकी **पसंद** और **स्टाइल** के अनुसार **कस्टमाइज्ड ज्वेलरी,** ताकि हर आभूषण आपकी पहचान बने

**7 एथिकल सोर्सिंग का वादा**
हम **सोना, हीरे और रत्न जिम्मेदारी और नैतिक तरीके** से प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**8 आजीवन सेवा का वादा**
खरीद के बाद भी हमारा साथ जारी रहता है। **सफाई, देखभाल, मरम्मत और मेंटेनेंस** सेवाओं के साथ।

**9 विश्वास का वादा**
**बरसो से क़ायम सबसे क़ीमती -** आपका भरोसा जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी निभाने का हमारा वादा

Chhattisgarh's Most Favourite Jeweller

# SUMEET
## JEWELLERS

हम गढ़ते हैं विश्वास

RAIPUR | DURG | RAJIM | RAJNANDGAON | KORBA

follow us on